घटना | सिहोरा के पुराना बस स्टैंड इलाके में दर्दनाक घटना

# कबाड़ वाहन में सो रहा बुजुर्ग जिंदा जला



**जबलपुर।** सिहोरा के पुराना बस स्टैंड इलाके में खड़ी एक कबाड़ गाड़ी अचानक आग का गोला बन गई। हादसे के वक्त गाड़ी के भीतर सो रहे 50 वर्षीय बुजुर्ग को बाहर निकलने तक का मौका नहीं मिला और वे जिंदा जल गया। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक सब कुछ राख हो चुका था।सिहोरा थाना प्रभारी प्रतीक्षा मार्को के अनुसार मृतक की पहचान वार्ड नंबर-3 निवासी बादशाह खान (50) के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि बादशाह खान मानसिक रूप से अस्वस्थ था वे दिन भर गलियों से कूड़ा-कचरा और प्लास्टिक की पन्नियां इकट्ठा करता था और उसे पुराना बस स्टैंड के पास खड़ी एक लावारिस वाहन में भर देता था। रात होने पर वे इसी कचरे से भरी गाड़ी के भीतर सो जाया करता था। पुलिस की प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि बुजुर्ग बीड़ी पीने के शौकीन था आशंका जताई जा रही है कि देर रात गाड़ी के अंदर बीड़ी पीते समय उसकी चिंगारी वहां जमा सूखी पन्नियों या कचरे में जा गिरी। चूंकि गाड़ी के भीतर भारी मात्रा में ज्वलनशील कचरा भरा था, इसलिए आग ने पलक झपकते ही विकराल रूप ले लिया।

### दूर तक दिखी आग की लपटें

बादशाह खान बाहर निकलता इसके पहले ही पूरी गाड़ी आग की लपटों से घिर चुकी थी। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दूर से ही आसमान में धुएं का गुबार देखा गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बादशाह खान का शरीर पूरी तरह जल चुका था। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। है। पुलिस मामले की हर पहलू पर जांच कर रही है।

## सूर्यदेव ने छुड़ाया पसीना

**जबलपुर।** शनिवार को सूर्यदेव के तेवर उग्र रहे। पारा 37 डिग्री दर्ज किया गया। इसके साथ ही दिन में तपिश बढ़ने से बिना कूलर, पंखे के रहना मुश्किल रहा। सूरज ने लोगों को पसीना भी छुड़ाया। दिन में बाहर निकले लोग टोपी, गमच्छा, चश्मा लेकर ही बाहर निकले। दिनभर गरम हवाएं भी चली जो झुला रही थी। मौसम विभाग की माने तो अधिकतम तापमान 37.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 5 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 18 डिग्री पर पहुंच गया। सुबह के वक्त आद्रता 45 और शाम को 18 प्रतिशत दर्ज की गई। उत्तर-पश्चिम हवाएं 4 से 5 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली। मौसम विभाग के मुताबिक एक ट्रफ, उत्तर प्रदेश के मध्य भागों से दक्षिण आंतरिक ओडिशा तक, छत्तीसगढ़ के ऊपर से होकर गुजरते हुए माध्य समुद्र तल से लगभग 0.9 किमी ऊँचाई पर बनी हुई है। उत्तरी भारत के ऊपर माध्य समुद्र तल से 12.6 किमी ऊँचाई पर लगभग 204 किमी घंटा की गति से उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवाएँ बह रही हैं।

# दफ्तरों के गलियारे

### दलाली के चक्कर में कर दी अधिकारी की शिकायत



खाद्य विभाग में इन दिनों कुर्सी की राजनीति की एक दिलचस्प कहानी दफ्तर के गलियारों में चर्चा का विषय बनी हुई है। सूत्रों ने बताया कि विभाग के दो अधिकारियों ने आपसी तालमेल बनाकर एक अधिकारी की शिकायत बड़े साहब तक पहुंचा दी। उन्हें उम्मीद थी कि शिकायत के बाद उस अधिकारी की कुर्सी खाली हो जाएगी और इसका फायदा उन्हें मिल जाएगा। लेकिन किस्मत को शायद कुछ और ही मंजूर था। जिस कुर्सी के लिए यह पूरा खेल खेला गया, वह आखिरकार दोनों ही अधिकारियों को नहीं मिल सकी। लेकिन दलाली के चक्कर में जो यह राजनीति खेली गई, उसका थोड़ा फायदा अधिकारी को मिल गया और उन्हें उपार्जन व्यवस्था के विशेष कार्य में जोड़ दिया है। जिससे आगे चलकर उक्त अधिकारी उपार्जन के समय अच्छी कमाई भी कर लेंगे या साफ कहें तो दलाली खायेंगे। इसके अलावा जिस अधिकारी की शिकायत हुई भी उन्हें दूसरी जगह भेज दिया। चर्चा में यह भी बात सामने आई है कि जिस अधिकारी की शिकायत हुई थी, और उन्हें जिस जगह भेजा है, उनको वही जगह पाने की लालसा थी। देखा जाए तो विभाग के अधिकारी अपने दायित्वों को छोड़कर व्यक्तिगत स्वार्थ को प्राथमिकता दे रहे हैं।

### क्यों न कुछ खास किया जाए...!




गत दिवस सूबे की निचली अदालत द्वारा एक भव्य कार्यक्रम संपन्न कराया गया। ये कार्यक्रम नारीशक्ति के सम्मान में आयोजित किया गया था। जिसमें उच्च से लेकर उच्चतम न्यायालय के माननीयों ने शिरकत की। कार्यक्रम की भव्यता को देख कुछ वकील साहबों में चर्चा चली, ये वर्ष चुनावी वर्ष है, लिहाजा अब तो ऐसे बड़े - बड़े कार्यक्रम रोज़ देखने को मिलेंगे। जिसपर प्रतिक्रिया देते हुए संघ के एक पद पर आसीन वकील साब बोल बैठे, आगे आगे देखो इससे भी बड़े कार्यक्रम अपने शहर की शोभा बढ़ाएंगे।

### कौन कहता है नहीं झुकती है दुनिया.....



कौन कहता है नहीं झुकती है दुनिया , बस झुकाने वाले चाहिए, कुछ इस तरह के व्हॉट्सएप के स्टेटसों के बीच जब नेताजी सुभाषचंद्र मेडिकल कॉलेज अस्पताल के जूनियर डॉक्टर्स ने अपनी एकजुटता और दंभ का प्रदर्शन करना शुरू किया तो मेडिकल अस्पताल आलस अधिकारियों ने कुछ जूनियर डॉक्टर्स को सामान्य तौर पर तलब कर लिया और कह दिया कि शासन ने आपके पक्ष में फैसला ले लिया है अब इसमें अति उत्साहित होकर प्रदर्शन न करें। इसके बाद कुछ जूनियर डॉक्टर्स ने तो अपने अपने मोबाइल से स्टेटस हटा दिए लेकिन अधिकांश जूनियर डॉक्टर्स ने कौन कहता है नहीं झुकती है दुनिया वाला स्टेटस लगाए रखा। पूरा मामला वर्ष 2025 से लंबित मानदेय में वार्षिक वृद्धि करने और एरियर के भुगतान से जुड़ा है जिसका लाभ अब उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के हस्तक्षेप के बाद जबलपुर सहित प्रदेश के जूनियर डॉक्टरों को मिल गया है।

### वर्दी वाली मैडम के साये में जालसाजी...



एक थाने में दर्ज धोखाधड़ी का मामला चर्चाओं में है। न्याय की उम्मीद में थाने पहुंची एक महिला की बर्बादी की पटकथा लिख दी गई। छर्रे बताते हैं कि साजिश का चक्रव्यूह थाने की चौखट से ही शुरू हुआ था। पीड़िता को वर्दी वाली मैडम ने ऐसे मददगार के पाले में डाल दिया जिसने सहारा देने के बहाने पहले बुजुर्ग का भरोसा जीता और फिर पीठ में ऐसा खंजर घोंपा की बेबस महिला अपनी छत से ही हाथ धो बैठी। लंबी जांच पड़ताल के बाद जालसाजों पर तो एफआईआर दर्ज हो गई है लेकिन सेटिंग वाली मैडम सिर्फ जांच के घेरे में है, जबकि रिश्वत के भी आरोप लगे हैं, अब सवाल यह है कि पुलिसिया न्याय पीढ़िता को मिलेगा या खाकी के साये में मैडम का नाम रफा-दफा हो जाएगा.. ?

अमन पटेल, धनंजय श्रीवास्तव, विवेक दुबे, अजहर खान



## मुख्यमंत्री का डुमना विमानतल पर स्वागत

**नवभारत, जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का शनिवार शाम डुमना विमानतल पर आत्मीय स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव कटनी जिले के बरही नगर से हेलीकॉप्टर द्वारा शाम लगभग 6.25 बजे डुमना एयरपोर्ट पहुँचे थे। उनके साथ प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह भी थे। डुमना विमानतल पर मुख्यमंत्री का स्वागत लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, विधायक डॉ अभिलाष पांडे, संतोष वरकड़े, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, जिला अध्यक्ष ग्रामीण राजकुमार पटेल ने किया। डुमना विमानतल पर मुख्यमंत्री की आगवानी कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने की। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव डुमना विमानतल पर करीब दस मिनट रुकने के बाद वायुयान द्वारा भोपाल रवाना हुये।

# रिटायर्ड पुलिसकर्मी के साथ 4 .44 लाख की ठगी

**मोबाइल गुमने के बाद खाली हुआ बैंक खाता**

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना क्षेत्र में साइबर ठग ने एक रिटायर्ड पुलिसकर्मी को अपना निशाना बनाया। मोबाइल गुम होने के बाद ठग ने शातिर तरीके से बैंक खाते में सेंध लगाई और 4,44,453 रुपये पार कर दिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भंडारी अस्पताल के पास रहने वाले 64 वर्षीय मधुसूदन पाण्डे पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हैं, जब वे टहलने के लिए निकले थे, तभी उनका मोबाइल कहीं गिर गया। चूंकि उनका मोबाइल नंबर बैंक खातों और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों से लिंक था, इसलिए उन्होंने सावधानी बरतते हुए पासबुक में एंट्री कराई। उस समय तक उनके खाते से कोई पैसा नहीं कटा था। पीड़ित ने उसी पुराने नंबर की दूसरी सिम निकलवाई औरइसे एक परिचित के मोबाइल में डालकर सक्रिय किया। इसी दौरान जालसाजों ने उनके नंबर का फायदा उठाते हुए ट्रांजेक्शन शुरू कर दिए। उनके मोबाइल पर लगातार पैसे कटने के मैसेज आते रहे, लेकिन तकनीकी समझ कम होने के कारण वे इन संदेशों को समय रहते देख नहीं पाए।

### मोबाइल दुकान पर खुला राज

धोखाधड़ी का पता तब चला जब मधुसूदन पाण्डे नया मोबाइल खरीदकर उसमें रिचार्ज कराने एक दुकान पर पहुंचे। उन्होंने दुकानदार से अपनी पेंशन आने के बारे में चेक करने को कहा। मैसेज बॉक्स चेक करते ही दुकानदार के होश उड़ गए। उसने पीड़ित को बताया कि उनके खाते से किस्तों में कुल 4,44,453 रुपये निकाले जा चुके हैं। रिटायर्ड पुलिसकर्मी की शिकायत पर गोरखपुर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब साइबर सेल की मदद से उन बैंक खातों और ट्रांजेक्शन आईडी को ट्रैक कर रही है, जहां यह पैसा ट्रांसफर किया गया है।

# हॉकर के घर पर पुलिस का छापा, 10 सिलेंडर और 47 गैस बुक जब्त



**जबलपुर।** शहर में घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी शुरू हो गई है। भेडाघाट क्षेत्र के ग्राम झिन्ना मीरगंज में एक गैस एजेंसी का हॉकर अपने ही घर में उपभोक्ताओं के गैस सिलेंडर और गैस बुक को असुरक्षित तरीके से डंप कर रहा था क्राइम ब्रांच ने भेडाघाट थाना क्षेत्र के ग्राम झिन्ना मीरगंज में दबिश देकर गैस हॉकर के घर से भारी मात्रा में अवैध रूप से रखे गैस सिलेंडर और उपभोक्ता कार्ड जब्त किए हैं। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

जानकारी अनुसार पुलिस को से सूचना मिली थी कि झिन्ना निवासी सुनील पटेल (41) दीप गैस एजेंसी संजीवनी नगर में हॉकर का काम करता है, जिसने अपने घर में असुरक्षित तरीके से सिलेंडर छिपा रखे हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से 6 घरेलू और 4 व्यावसायिक गैस सिलेंडर बरामद किए। साथ ही, अलग-अलग उपभोक्ताओं के नाम की 47 गैस बुक भी जब्त की गई हैं। पूछताछ में पता चला कि आरोपी हॉकर ग्राम झिन्ना, आमा हिनौता, कूडन, शिल्पी नगर और भेडाघाट क्षेत्र के उपभोक्ताओं के सिलेंडर और बुक अपने पास रखे हुए था। रिहायशी इलाके में इस तरह असुरक्षित तरीके से ज्वलनशील पदार्थ रखना बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण देना था। खाद्य विभाग के अधिकारी कुंजन सिंह राजपूत के प्रतिवेदन पर भेडाघाट पुलिस ने आरोपी सुनील पटेल के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## रादुविवि में कर्मचारी संघ चुनाव की शुरुआत

# 50 से अधिक उम्मीदवारों ने भरे नामांकन फॉर्म

**नवभारत, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में शैक्षणिक कर्मचारियों के लिए चुनावी प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय में करीब 400 कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के आगामी चुनाव में इस बार कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है। चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही नामांकन फॉर्म वितरण शुरू हो गया। जानकारी के अनुसार पहले ही दिन 11 पदों के लिए 50 से अधिक संभावित उम्मीदवारों ने फॉर्म प्राप्त किए। इसके अलावा, 200 अतिरिक्त फॉर्म भी रिजर्व रखे गए हैं, ताकि इच्छुक अन्य कर्मचारी भी भाग ले सकें।

### प्रत्याशी मैदान में उतारने की रणनीति जारी

विश्वविद्यालय परिसर में कर्मचारियों में उत्साह और सक्रियता बढ़ गई है। विभिन्न समूह और धड़े अपने-अपने प्रत्याशियों को मैदान में उतारने की रणनीति बनाने में जुट गए हैं। चुनावी सरगर्मियों के बीच कर्मचारियों के बीच लगातार बैठकें और चर्चाओं का दौर भी शुरू हो गया है। हालांकि संघ की कमान किसके हाथ में जाएगी, इसका निर्णय 25 मार्च को होने वाले मतदान के बाद ही स्पष्ट होगा। तब तक चुनावी समीकरण में कई तरह के बदलाव और उलटफेर की संभावना बनी हुई है।

# महिला की गला रेतकर हत्या करने वाले आरोपी ने किया सुसाइड



**जबलपुर।** लार्डगंज थाना अंतर्गत रानीताल ईदगाह के पास रविवार को गला रेत कर महिला की हत्या करने वाले आरोपी ने आत्महत्या कर ली है। शनिवार को उसका शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला । सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक लार्डगंज थाना अंतर्गत रानीताल ईदगाह के पास आठ मार्च की सुबह एक महिला का शव पड़ा मिला था। मृतिका की धारदार हथियार से हमला कर हत्या की गई थी। जिसकी गर्दन और पेट में चोट के निशान मिले थे। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया था। मृतिका की पहचान श्रीमति सीता उर्फ पल्लवी परिहार 30 वर्ष निवासी चंद्रमोहन नगर रांझी के रूप में हुई । मृतिका के परिजनों से पूछताछ करने पर यह बात सामने आई कि अंकित उर्फ अंकू बर्मन निवासी दीक्षितपुरा कोतवाली हलवाई का काम करता है जिसके साथ श्रीमति सीता उर्फ पल्लवी काम करती थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध थे। 6 मार्च को मृतिका घर से निकली थी जो वापिस नहीं लौटी थी। अंकू भी घर से गायब था । सात मार्च को पल्लवी का शव मिला था। जांच में बात सामने आई कि अंकित ने सीता की हत्या कर झाड़ियों में शव को फेंका था। इसके बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। वही शनिवार को माढोताल तलाब के पास बबूल के पेड से फरार अंकित का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला। माढ़ोताल पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## यात्री करे एफओबी का इस्तेमाल, वरना रहे जुर्माने के लिए तैयार

**जबलपुर, नवभारत।** पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर रेल मंडल ने शनिवार को एक्स पर जनहित में एक पोस्ट जारी की है। इस पोस्ट में यह दर्शाया गया है कि पटरियां पार करने में कितना जोखिम उठाया जाता है और रेलवे के नियमों को ताक पर रखा जाता है। रेलवे ने इसके लिए प्रत्येक स्टेशन पर फुटओवर ब्रिज बनाया है ताकि प्लेटफॉर्म बदलने के लिए यात्री उसका इस्तेमाल कर सकें। रेल मंडल के द्वारा जारी इस पोस्ट के पहले ऐसे कई हादसे सामने आ चुके हैं, जिसमें लोग पटरियां पार कर दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाते समय दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं। इसमें यह भी सामने आया था कि पटरियां पार करते हुए हम्माल भी गुड्स की लोडिंग-अनलोडिंग करके अपनी जान खतरे में डाल रहे थे। रेल प्रशासन ने लोगों को आगाह करते हुए यह भी कहा है कि पटरियां पार करने वाले लोगों को रेल नियम के अनुसार जुर्माना देना होगा। जुर्माना नहीं देने की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जा सकती है। इसके लिए आरपीएफ ऐसे लोगों पर सतत नजर रखेगी।

## रीवा तक नहीं जाएगी शटल

**जबलपुर, नवभारत।** जबलपुर मंडल अंतर्गत रीवा-सतना सेक्शन में कैमा स्टेशन पर अधोसरंचनात्मक कार्य तुर्की रोड और बगहाई रोड में डबल लाइन ब्लॉक सेक्शन को कमिशनिंग के लिए प्री-नानइंटरलॉकिंग एवं नानइंटरलॉकिंग कार्य के चलते जबलपुर-रीवा-जबलपुर शटल एक्सप्रेस ट्रेन कैमा रेलवे स्टेशन पर शार्ट टर्मिनेट ओरजिनेट रहेगी गाडी संख्या 11705 जबलपुर-रीवा शटल एक्सप्रेस जो 16 से 23 मार्च तक जबलपुर से प्रस्थान कर कैमा तक ही संचालित होगी।

# लोको पायलट्स रेलवे के खिलाफ भरेंगे हुंकार



**जबलपुर, नवभारत।** भारतीय रेलवे के लोको पायलट्स अपनी कई मांगों को लेकर 27 मार्च को दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। लोको पायलट्स लंबे समय से चली आ रही चिंताओं का कोई हल न होने से नाराज हैं। वे असुरक्षित इंफ्रास्ट्रक्चर, बहुत ज्यादा प्रशासनिक दबाव, काम के तनावपूर्ण माहौल, लंबी ड्यूटी और बढ़ा हुआ किलोमीटर अलाउंस न मिलने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगे। वही जबलपुर रेल मंडल के लोको पायलटों ने इस मुद्दे पर साफ कहा है कि वे एसोसिएशन के साथ हैं। मंडल के कर्मचारी पूरा समर्थन दे रहे हैं। बता दें कि रेलवे में लोको रनिंग स्टाफ के करीब 31 हज़ार पद खाली हैं, जिससे मौजूदा कर्मचारियों पर दबाव बढ़ रहा है। इस कमी की वजह से ट्रेन ड्राइवरों को अक्सर मुश्किल से 14 घंटे के आराम के बाद ड्यूटी पर बुलाया जाता है। तय नियमों के मुताबिक, ड्राइवरों को 16 घंटे का आराम मिलना चाहिए। इसके बाद ड्यूटी पर आने से पहले तैयारी के लिए दो घंटे और मिलने चाहिए। अभी भी कई लोकोमोटिव में वॉशरूम की सुविधा नहीं है, जिससे लंबी यात्रा के दौरान ड्राइवरों खासकर महिलाओं को बहुत परेशानी होती है। ऐसी स्थिति में ड्राइवरों के पास अक्सर ट्रेन के अगले स्टेशन पर पहुंचने तक इंतजार करने या बीच में असुरक्षित विकल्प खोजने के अलावा कोई चारा नहीं बचता है।









सक्रियता | निगमायुक्त ने दिखाई सक्रियता, अधिकारियों से जुटाई जानकारी

# रिछाई के बाद अब 'नया बाजार' मामले का होगा समाधान



**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम प्रशासन इन दिनों शहर के लंबित औद्योगिक और व्यापारिक मामलों को सुलझाने के लिए 'एक्शन मोड' में नजर आ रहा है। रिछाई औद्योगिक क्षेत्र के जटिल टैक्स मामलों को सफलतापूर्वक सुलझाने के बाद, निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार अब शहर के हृदय स्थल नया बाजार की समस्याओं के निराकरण के लिए खुद मैदान में उतर आए हैं।

शनिवार को निगमायुक्त ने नया बाजार क्षेत्र का दौरा किया और वहां की जमीनी स्थितियों का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों से बाजार की वर्तमान स्थिति, लंबित प्रकरणों और व्यापारियों की समस्याओं की विस्तृत जानकारी ली। दौरे के दौरान निगमायुक्त के तेवर स्पष्ट थे,वे केवल फाइलों की स्थितियों को देखकर शीघ्र ही धरातल पर समाधान निकालेंगे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नया बाजार के मामलों का गहन अध्ययन कर जल्द से जल्द रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

### व्यापारियों में बढ़ा विश्वास

रिछाई औद्योगिक क्षेत्र में टैक्स संबंधी मामलों को जिस कुशलता से सुलझाया गया, उससे व्यापारियों में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ा है। अब नया बाजार मामले में भी वैसी ही तत्परता देखने को मिल रही है। निगमायुक्त ने बताया कि हमारा उद्देश्य शहर के व्यापारिक क्षेत्रों में आने वाली बाधाओं को दूर करना है। रिछाई की तर्ज पर नया बाजार के मामलों को भी सुलझाने के लिए सार्थक और सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे, ताकि व्यापारियों को राहत मिल सके और शहर का विकास बाधित न हो।






स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से प्रकाशित एवं नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharatjabalpur@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RNI Reg No.1537/57